तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 13 मई 2024

स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक 12



तापमान 40 डिग्री पार, बदली और उमस से ... 10





## मौसम: जिला मुख्यालय सहित अंचल में विद्युत व्यवस्था रही प्रभावित, कई स्थानों पर अंधेरे में बीती रात

# गर्मी में बेमौसम बारिश बनी आफत, क्षेत्र में तूफान व ओलावृष्टि से जबरदस्त नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गर्मी के दौर में दो दिनों से एकाएक आंधी-तूफान व बारिश से जिलेवासी हैरान है। जिसने ज़िला मुख्यालय स्थित शहर सहित आसपास के सैकड़ो गाँवों में काफी तबाही मचा कर रख दी है। बेरला ब्लॉक के ग्राम सरदा सहित कुछ गाँवों में ओलावृष्टि गिरने की भी जानकारी मिल रही है, जिसमें काफी घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए है। आलम यह है कि बेमेतरा शहर में जहाँ कई घरों को नुकसान पहुँचा है वहीं ग्रामीण अंचलों में आंधी-तूफान के कारण विद्युत पोल व पेड़-पौधे टूट गए है, जिससे कारण कई इलाकों में विद्युत सेवा,सड़क व्यवस्था व अन्य कार्य प्रभावित हुए है।

दरअसल जानकारी के मुताबिक बीते शनिवार की रात बेमौसम बारिश बेमेतरा शहर सहित आसपास के सैकड़ों गाँवो तक सीमित रही। वहीं अगले दिन रविवार की बारिश का प्रभाव पूरे जिलेभर में जबरदस्त रहा। लिहाजा विगत दो दिनों से शाम के वक़्त हुए औचक बरसात से गर्मी का सीजन बरसात के मौसम में तब्दील हो चुका है, जिसने पूरे ज़िले की परिदृश्य ही बदलकर रख दी है। हालांकि भीषण गर्मी के बीच झमाझम बारिश का बरसना क्षेत्रवासियों के बड़ी राहत की बात है, जो गर्मी में उमस से काफी त्रस्त नज़र आ रहे थे, परंतु शनिवार रविवार देर शाम मौसम की करवट से चली तेज हवा तूफान से जनजीवन प्रभावित रहा।





### आंधी-तूफान से विद्युत सेवा रही बाधित

बेमौसम बरसात के पूर्व आंधी-तूफान का दौर शनिवार व रविवार दोनों दिन शाम को पूरे जिलेभर में दिखाई पड़ा। जिसमे बेमेतरा, बेरला, नवागढ़, साजा, दाढ़ी, देवकर, भिम्भौरी विद्युत सब डिवीजन के अंतर्गत काफी इलाको में देर रात तक विद्युत आपूर्ति सेवा तेज हवा व तूफान से खम्भे-पोल व तार के टूटने से प्रभावित रहा। जिसमे शनिवार को बेमेतरा शहर में रात 03 बजे बिजली सप्लाई हो सकी ,जबकि इसी तरह की स्थिति शहर से लगे बालसमुन्द, रांका-कठिया, देवरबीजा क्षेत्र में भी रही। जहां रात भर लाइट बन्द होने से लोगो को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।वही इसी प्रकार अगले दी रविवार में हालत रहा जहां देर रात तक बिना बिजली के लोग परेशान रहे।हालाँकि बिजली विभाग ने दुरुस्ती कर देर रात बिजली व्यवस्था शुरू कर दी जबकि कुछ ग्रामीण इलाकों में रातभर विद्युत सेवा पर प्रभावित रहा।

### लगातार हो रहे मौसमी परिवर्तन से लोग चिंतित

समूचे क्षेत्र में गर्मी इन दिनों चरम पर है, वहीं इस तरह औचक बारिश का होना जिलेवासियों के लिए बड़ा ही आश्चर्यजनक है। जिसमें देखा जाए तो गर्मी के शुरुआती से ही अब तक पांच-सात बार एकाएक बरसात हो चुकी है, जो हल्की बूंदाबादी से लेकर झमाझम बारिश के रूप में पानी बरस चुकी है इसके अलावा दो-तीन बार ओले गिरने के मामले भी सामने आ चुके है। जबकि असल मे इस समय क्षेत्र में गर्मी के कारण तापमान की लगातार बढ़ोतरी व जलस्तर में गिरावट दिखाई पड़ती है, जो इस मौसमी बदलाव के कारण भी परिवर्तित हो रहा है। मौसम जानकारों की माने तो विगत कुछ समय से गर्मी व ठंड में बरसात होना आम बात हो गया है, ज़िले में मौसमी परिवर्तन इसी का परिणाम है।

### ओलावृष्टि से घरों, बगानों व पेड़ों को हुआ नुकसान

बहरहाल जिले के सरदा सहित कई ग्रामीण परिक्षेत्र में बूंदाबांदी के साथ ओले गिरने के मामले शनिवार को सुनाई पड़ा। जिसमें बेमेतरा शहर, सरदा व अन्य गांवों में लोगों के रहवासी घरो के कई हिस्से प्रभावित रहे है। इसके अलावा पेड़-पौधों को खासा नुकसान ओलावृष्टि के कारण हुआ है। साथ ही सबसे बड़ी आफत बागानी व सब्जी की खेती करने वाले किसानों के लिए हुआ है। जिसमें बेमौसम वर्षा व ओले गिरने फसल की गुणवत्ता, क्वालिटी व उपज पर व्यापक असर पड़ा है। जानकारी के मुताबिक गर्मी के सीजन में मौसमी फल के रूप में तरबूज, खरबूजा, प्याज, केला, पपीता, टमाटर सहित अन्य फसलों की खराब होने की संभावना बढ़ गयी है। इसी के साथ जिलेभर के अनेको सहकारी समितियों के उपार्जन केंद्रों में परिवहन के अभाव खुले तौर पर रखे पानी पड़ने से धान की बर्बादी की आशंका है।

## खबर संक्षेप

### महंत लीलाधर का प्रवचन असम राज्य में 15 से

**अंडा।** महंत लीलाधर दास साहेब अहिवारा आश्रम अपने संत मंडलीय के साथ 15 से 21 मई तक असम राज्य के हुजई, डिब्रूगढ़ क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जिलों में सद्गुरु कबीर साहब की वाणी वचनों का प्रचार प्रसार करेंगे। महंत लीलाधर दास साहेब जी निरंतर कबीर पंथ की प्रचार प्रसार में सदैव लगा रहते है। महंत लीलाधर दास जी की मार्गदर्शन में अहिवारा आश्रम का संचालन किया जा रहा है। वहां प्रति माह पूर्णिमा के दिन सत्संग भजन चौका आरती भोजन भंडारा का आयोजन किया जाता है। महंत लीलाधर दास साहेब कबीर पंथ के प्रचार-प्रसार हेतु पखवाड़ा ग्रंथ कार्यक्रम का आयोजन भी अलग-अलग गांवों में आयोजित करवाते हैं।

### 12वीं गणित संकाय में लिशार्थ और 10वीं में विनिता प्रथम

**बालोद/निकुम।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में कक्षा 12 में परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिसमें 45 विघार्थी उतीर्ण रहे। कक्षा 12 वीं गणित संकाय के छात्र लिशार्थ देवांगन ने 90 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम रहे, वही नंदिता ने 85 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय रही। कक्षा 10 वीं में विनिता साहू ने 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व खुशबु को 90 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विद्यालय में द्वितीय रही। संस्था प्रमुख मोंहदीपाठ प्राचार्य अर्चना चौरे सहित पूरे स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया।

### राजस्व ग्राम पटेल संघ की बैठक आज

**डौंडीलोहारा।** राजस्व ग्राम पटेल संघ की बैठक 13 मईको नर्मदा धाम सुरसुली देवरी बंगला में 10 बजे दिन को रखी गई है। तहसील डौंडीलोहारा व देवरी बंगला की बैठक संयुक्त रूप से होगी। कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रकुमार भंडारी ने सभी राजस्व ग्राम पटेल से अपील की है कि उक्त बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित हों।

### जीवन ने मरणोपरांत देहदान का लिया संकल्प

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम परसाही के कृषक जीवन साहू पिता स्वर्गीय परस राम साहू उम्र 50 वर्ष ने मरणोपरांत देहदान करने का संकल्प लिया है। उन्होंने घोषणा पत्र भर कर देहदान का संकल्प लिया। कृषक जीवन साहू ने बताया कि मरणोपरांत उनका शरीर किसी के काम आए, इसलिए देहदान करने का संकल्प लिया है। उन्होंने अपने इच्छा अनुसार मरणोपरांत अपने देह का दान की घोषणा फार्म भरकर बालोद के मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ अधिकारी को सौंपा। श्री साहू ने कहा कि अगर मरणोपरांत मेरे शरीर का सदुपयोग किसी अनुसंधान कार्य के लिए या किसी की जीवन को बदलने के लिए किया जाता है तो यह मेरे लिए सबसे पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए एक गौरवान्वित करने वाला निर्णय है। स्वास्थ्य विभाग ने कृषक जीवन साहू के इस कार्य की प्रशंसा की है।

### लोस चुनाव की लागू आचार संहिता हो शिथिल

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष मूलचंद शर्मा ने चुनाव आयोग छत्तीसगढ़ को पत्र लिखकर कहा है कि प्रदेश की समस्त 11 लोकसभा सीटों में चुनाव कार्य निर्विघ्न सम्पन्न हो चुका है। कहीं भी विवाद की स्थिति एवं पुर्नमतदान की स्थिति नहीं है। 16 मार्च 2024 से प्रदेश में लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर वन विभाग के बहुत से कार्य अप्रारंभ है जिन्हें वर्षा ऋतु के पूर्व पूर्ण किया जाना अतिआवश्यक है। जिसमें सबसे प्रमुख कार्य तालाबों की खुदाई एवं स्टापडेम के निर्माण कार्य जो कि सीधे जल संरक्षण एवं ग्रामीणों की सुविधाओं से जुड़े कार्य है। सामग्री क्रय का आदेश नहीं किये जा सकने के कारण रूके हुए हैं।

## खण्डसरा क्षेत्र में झोलाछाप कर रहे ग्रामीणों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दाढ़ी

खण्डसरा क्षेत्र में इन दिनों झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक इलाज के नाम पर अवैधानिक रूप से बड़े- बड़े ट्रीटमेंट को अंजाम दिया जा रहा है। गाँव में ही खण्ड चिकित्सा अधिकारी का कार्यालय होने के बावजूद बीएमओ कार्रवाई करने में हिचक रहे हैं। प्रशासन की इस मेहरबानी का नतीजा यह है कि इस क्षेत्र के आसपास के ज्यादातर गाँवों में अवैध चिकित्सकों का जबरदस्त नेटवर्क तैयार है। जिसके कारण ग्रामीण लोग ज़रा सा बीमार पड़ने व स्वास्थ्य बिगड़ने पर उपचार के लिए सरकारी सुविधाओं के बजाए निजी अस्पतालों के चक्कर काटने को लालायित है।

- प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई

ज्ञात हो कि क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य के बेहतरीन इलाज व्यवस्था के लिए खण्डसरा मुख्यालय में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापित है। विकासखण्ड स्तर पर स्वास्थ्य सम्बन्धित सुविधाओं के साथ शासकीय चिकित्सक हॉस्पिटल में 24 घण्टे तैनात रहते हैं। गाँवों में स्थानीय स्तर पर डॉक्टरों की पैठ होने से सरल साधनों पर सस्ती उपचार होने के लालच में



ग्रामीण झांसे में आकर अपनी स्वास्थ्य से खिलवाड़ करा रहे हैं। बताया जा रहा है क्षेत्र के प्रत्येक गाँव में कम से कम 2-3 झोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला है जो चिकित्सकीय सेवा को बिना डिग्री व अनुभव के आय का जरिया बनाकर लोगों को खासा ठग रहे है। ग्रामीणों का कहना है क्षेत्र में कभी कभार डॉक्टरों की शिकायत होने पर प्रशासन द्वारा उस दौरान नाम मात्र औपचारिकता निभा दी जाती है। उसके बाद डॉक्टर पुनः चिकित्सकीय गतिविधियां संचालित करने लग जाता है। प्रशासन की बिना अनुमति के निजी चिकित्सकीय संस्था चलाना एवं बगैर डिग्री व अनुभव के उपचार गतिविधियों में शामिल होना गैर कानूनी माना जाता है। इसके खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्त दिशानिर्देश भी पूर्व में लगातार जारी किया जा चुका है। धरातल पर इसका कोई असर नहीं दिखता।

## आत्मानन्द स्कूल बेरला के विद्यार्थियों ने किया 10वीं-12वीं में अच्छा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेरला में सत्र 2023-24 में कक्षा दसवीं में हिन्दी माध्यम में कुल 47 तथा अंग्रेजी माध्यम में कुल 55 विद्यार्थी अध्ययनरत थे। साथ ही कक्षा बारहवीं में हिन्दी माध्यम के 49 तथा अंग्रेजी माध्यम में कुल 6 विद्यार्थी अध्ययनरत रहे। जिन्होंने शिक्षकों के मार्गदर्शन में बहुत ही कड़ी मेहनत कर अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत करते हुए बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम लाये हैं।

- 10वीं हिन्दी माध्यम से गौरव, 12वीं में समीर रहे अव्वल

बच्चों में परीक्षा को लेकर बहुत ही उत्साह था जिसके परिणाम स्वरूप उन्होंने सफलता भी प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में विद्यालय स्तर पर प्रावीण्य सूची प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में हिन्दी माध्यम से प्रकाश ने 80.6% प्राप्त कर प्रथम गौरव एवं चन्दन ने 74.6% प्राप्त कर द्वितीय एवं विवेकानंद ने 70.3% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं अंग्रेजी माध्यम में भावना साहू ने 93% अंक प्राप्त कर प्रथम, त्रणव साहू ने 91.6% प्राप्त कर द्वितीय तथा हिमांशु साहू ने 91.5% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में विद्यालय स्तर पर प्रावीण्य सूची में अपना स्थान सुरक्षित करने वाले विद्यार्थियों में हिन्दी माध्यम से समीर साहू ने 70.8% प्राप्त कर प्रथम जयप्रकाश साहू एवं आकाश कुमार ने 67.2% प्राप्त कर द्वितीय एवं करण ने 63.2% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं अंग्रेजी माध्यम से प्रियंका वर्मा ने 70% अंक प्राप्त कर प्रथम कशिश परगनिहा ने 68% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा विनय साहू ने 66% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विकासखंड बेरला के विद्यालय परिसर एवं प्राचार्य श्रीमती अर्चना साव ने विद्यार्थियों के इस उपलब्धि की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को आगे कड़ी मेहनत कर और भी अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया एवं जिला व राज्य स्तर पर प्रावीण्य सूची प्राप्त करें ऐसा आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी।

## बैंक खाता नंबर व एटीएम कार्ड नंबर की जानकारी अनजान व्यक्ति को ना दें: एसपी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हमर पुलिस हमर बजार के माध्यम से पुलिस प्रशासन हॉट बाजारों में चौपाल लगाकर ग्रामीण जनों को विभिन्न अपराधों से बचने एवं नशा मुक्ति पर जागरुक कर रही है। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे हैं।

- जिले की सामुदायिक पुलिसिंग पहुंची ग्राम सहसपुर के साप्ताहिक बाजार

इस जागरूकता अभियान का पड़ाव पुलिस चौकी देवकर के ग्राम सहसपुर के हॉट बाजार में आसपास के ग्रामीण अंचल से आये आम जनों को साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अन्जान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाता नंबर, एटीएम कार्ड नंबर, एक्सपायरी डेट, सीवीवी नंबर, पिन नंबर, ओटीपी, पासवर्ड इत्यादि की जानकारी न दें। अपना आधार कार्ड सम्भाल कर रखे एवं आधार नंबर किसी अनजान व्यक्ति को न बतावे। फोन पर बैंक अधिकारी बनकर आपके बैंक खाता के संबंध में जानकारी मांगे तो जानकारी न दे क्योंकि बैंक द्वारा इस तरह की जानकारी नहीं मांगी जाती। यदि कोई शंका हो तो तुरन्त अपने बैंक से सम्पर्क करें। जरूरी होने पर अपने शिकायत करें। आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता है। ग्रामवासियो को नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। साथ ही यातायात के नियमो की जानकारी देते हुए बताया की यातायात सड़क संकेत तथा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की आवश्यकता को बताया गया। साथ ही सायबर पहरी के संबंध मे ग्रामीण जनों को जागरूक किया गया।

### एक बाजार नहीं होने से सड़क किनारे समान बेचने को मजबूर



## माटी कला बोर्ड की योजनाओं से नगर की कुंभकार समाज वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर के कुम्हार आज भी पारंपरिक तरीके से मिट्टी के बर्तन, दिए व मूर्तियां बना अपना जीवन यापन कर रहे हैं।

मिट्टी की झोपड़ी में निवास करने वाले इस समाज के मोहल्ले में घुमावदार दो से तीन फिट चौड़ी गलियों में गरीबी का जीवन यापन करने वाले पक्के मकान से कोसो दूर थे। प्रधानमंत्री आवास योजना में उनके पक्के मकान का सपना जरूर पूर्ण हुआ है। परंतु आज भी वे मिट्टी के काम के लिए ही मिट्टी के लिए भटक रहे हैं। शासन के द्वारा माटी कला बोर्ड का गठन किया गया। इसके अंतर्गत कुम्हारों को आत्मनिर्भर व एक सुरक्षित बाजार दिलाने के साथ- साथ उनके कला कौशल के निखार के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाना था, जो की नहीं हो पाया। प्रशासन ने कुम्हारों को इलेक्ट्रिक चाक देकर अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर ली। छत्तीसगढ़ सरकार ने माटी कला बोर्ड का गठन किया लेकिन वह भी नगर में सफेद हाथी बनकर रह गया। कुंभकार समाज के फगेश कुंभकार, दौवा कुंभकार, कुशल कुंभकार ने बताया कि हमारे पूर्वज सैकड़ो साल से माटी का काम कर रहे हैं उसी को हम लोग भी परंपरागत कर रहे हैं क्योंकि दूसरा काम हम लोग नहीं कर सकते।

### मेहनत का नहीं मिल रहा फल

नगर में हमारे लिए मिट्टी की आवश्यकता की पूर्ति हेतु भूमि आरक्षित नहीं होने से हमे मिट्टी खरीद कर काम करना पड़ रहा है। साथ ही हमारा एक बाजार नहीं होने से हमें जगह -जगह सड़क किनारे अपना सामान बेचना पड़ रहा है। व्यवस्थित बाजार के अभाव में हमें हमारी मेहनत का भाव नहीं मिल रहा है। वैसे भी आधुनिकता के दौर में फ्रिज, थर्मश, जार के कारण मिट्टी के घड़ों की बिक्री कम हुई हैं। पक्के मकानों से खपरैल का काम पूर्णत बंद हो गया है। अब प्रदेश के नए मुखिया से कुम्हारों की आस बंधी हैं। अब देखना है की माटी कला बोर्ड नगर के मिट्टी के धरातल पर आता है की वही ढाक के तीन पात ही रहेगा।

### शराब दुकानों में भीड़ के कारण ले रहे ज्यादा पैसा

**गुरूर।** ग्राम अरकार स्थित मदिरा देशी व विदेशी दो काउंटर होने के बाद भी दुकान खुलते ही मदिरा प्रेमियों की इतनी भीड़ हो जा रही है कि शराब लेने के लिए लोगों को घंटों लाइन मे खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। भीड़ का लाभ सेल्समेन उठा रहे हैं। कई बार चिल्हर पैसे वापस नहीं किया जाता, विरोध करने पर वहां के कर्मचारी लड़ने पर उतारु हो जाते हैं। यहां पर रोज विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। शादी का सीजन हो या तीज त्यौहार शराब प्रेमी किसी न किसी बहाने से शराब की दुकान तक पहुंच ही जाते हैं। वर्तमान में क्षेत्र के शराब प्रेमियो की संख्या इतनी बढ़ती जा रही है कि ग्राम अरकार स्थित दुकान में सुबह से ही मदिरा प्रेमियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। दुकान खुलने से पहले ही मदिरा प्रेमी शराब दुकान पहुंच जाते हैं। दुकान खुलने का समय होने से पहले ही लाइनों में लगना शुरू कर देते हैं।

हरिभूमि
## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी कर फरार हुआ

भिलाई। खडी बाइक को अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 6 सड़क 87 क्वाटर 5 निवासी हरिश साहू जिला अस्पताल दुर्ग में एम्बुलेंस ड्रायवर है। अपनी बाइक सीजी 07 बीके 3340 को 32 बंगला चौंक के पास खड़ा कर नेहरु नगर सुपेला गया था। शाम को वापस लौटा तो बाइक उक्त जगह से गायब थी। बाइक को आसपास खोजबीन किया लेकिन कहीं नहीं दिखा। परेशान होकर शिकायत पुलिस से किया। बाइक की कीमत 10 हजार रुपए आंकी गई है।

### सडक हादसे में बैंक मैनेजर की मौत, परिवार वाले घायल

भिलाई। सडक हादसे में एक्सिस बैंक के मैनेजर की मौके पर मौत हो गई। कार में 5 लोग सवार थे। सभी परिवार समेत उड़िसा जाने के लिए निकले थे। कार अनियंत्रित होकर गढ्ढे में गिर गई। हादसा धमतरी जिले का है। मिली जानकारी के मुताबिक धमतरी जिले के श्यामतराई बाईपास मोड़ के पास कार ओडी 02 सीसी 1695 में सवार होकर नेहरू नगर भिलाई निवासी आकाश पटनायक परिवार में अपनी पत्नी, बच्ची और 3 कर्मियों के साथ कार में जा रहे थे। इस दौरान जिला धमतरी के समीप श्यामतराई बायपास मोड़ के पास कार अनियंत्रित हो गई। सड़क के नीचे गड्ढे में कार जाकर पलट गई। कार को आकाश पटनायक चला रहा था। हादसा होता देख बायपास से गुजर रहे लोगों ने तुरंत अस्पताल उपचार के लिए भेज दिया। घायल कार चालक आकाश पटनायक को डॉ ने मृत घोषित कर दिया। अन्य की जान बच गई है। लेकिन सभी को शरीर में चोट आई है।

### पीएमश्री में मर्ज करने के फैसले पर उठाए सवाल

दुर्ग। कांग्रेस सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल वर्ष 2020 में आरंभ किया गया और हिन्दी माध्यम स्कूल वर्ष 2022 में आरंभ किया गया। वर्तमान में कुल 751 स्वामी आत्मानंद स्कूल पूरे प्रदेश में संचालित है, जिसमें लगभग पांच लाख बच्चें पंजीकृत है और 14 हजार शिक्षक पदस्थ है। सरकारी हिन्दी मीडियम स्थापित स्कूलों को बंद कर उसे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल बनाया गया। अब स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को बंद कर पीएमश्री स्कूल बनाया जा रहा है, जिसको लेकर अब पैरेंट्स एसोसियेशन ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने स्कूल शिक्षा विभाग और डीपीआई को पत्र लिखकर जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। श्री पॉल का कहना है कि आचार संहिता लगा हुआ है और प्रदेश के 311 स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में मर्ज करने पंजीयन कराया जा रहा है, जबकि यह नीतिगत निर्णय है और इस प्रकार का कोई निर्णय कैबिनेट की बैठक में कभी लिया ही नहीं गया। बावजूद इसके शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में पंजीयन कराया जा रहा है, जो उचित नहीं है।

### डॉ. पाणिग्रही ने मतदान के दिन भी लोगों को किया जागरूक

दुर्ग। विगत 7 मई को मतदान के दिन भी डॉक्टर पाणिग्राही मतदान केंद्रों से लेकर वार्डों तक जुटे रहे। डोर टू डोर संपर्क कर हाथों में स्याही लगा निशान वाली उंगली दिखाते और आगे बढ़ जाते। डॉ पाणिग्राही अपनी विशेष एक्टिवा वाहन से प्रातः 7 बजे विश्वदीप स्कूल से प्रारंभ कर ईको फ्रेंडली मतदान केंद्र शनिचरी बाजार, सुराना कॉलेज , संगवारी मतदान केंद्र डी पी एस रिसाली भिलाई सहित कुछ अन्य बूथों का भ्रमण किया। डॉ पाणिग्राही ने बताया कि, कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में मतदान केंद्रों पर्याप्त व्यवस्था किया गया था।

# तापमान 40 डिग्री पार, बदली और उमस से हाल-बेहाल

## मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों में बारिश और अंधड़ की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पिछले दिनों मौसम के उतार-चढ़ाव होने की वजह से लोगों को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। इस गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल है। सुबह से ही तेज धूप और रात के वक्त आसमान पर काले बादल मंडराने लगते हैं। तापमान भी 40 डिग्री सेल्सियस पार हो गया है। आने वाले दो दिनों में पारा और बढ़ सकता है। साथ ही अंधड़ और हल्की बारिश की भी चेतावनी मौसम विभाग ने दी है।

### इसलिए हो रहा है मौसम में बदलाव

मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका पश्चिम उत्तर प्रदेश से दक्षिणी असम तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति मराठवाड़ा से कोमोरान क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से मौसम में बदलाव की स्थिति बन रही है।



### आज हो सकती है हल्की बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक भिलाई, दुर्ग सहित प्रदेश मे11 मई को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है । अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है किंतु हल्की वृद्धि का दौर लगातार जारी रहने की संभावना है। शनिवार रात को आसमान पर काले बादल मंडराने लगे। देर रात हल्की बूंदाबांदी भी हुई।

### अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस

मौसम विभाग ने शनिवार को भिलाई दुर्ग का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। न्यूनतम तापमान भी 22 डिग्री सेल्सियस रहा है। आने वाले दिनों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी की संभावना जताई गई है। इस हिसाब से तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पार हो सकता है। पिछले तीन दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहै है।

## अब सोमवार से कोर्ट में शुरू होगी सुनवाई और निपटेंगे प्रकरण

# चुनाव के चलते प्रशासनिक कोर्ट में लंबित हैं 10 हजार से ज्यादा प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के चलते कलेक्टर से लेकर नायब तहसीलदारों के कोर्ट में प्रकरणों का पहाड़ बन गया है। चुनाव में अफसरों के व्यवस्तता के चलते दस हजार से अधिक प्रकरण लंबित है। चुनाव निपटने के बाद ऐसी उम्मीद है कि, प्रशासनिक अधिकारी अब तेजी से कोर्ट के प्रकरणों पर प्रकाश डालेगें, जिससे फरियादियों को राहत मिलेगी।

हरिभूमि सरोकार

**खास बातें**

- चुनाव निपटने के बाद फिलहाल दफ्तरों में पसरा सन्नाटा
- नायब तहसीलदार से लेकर कलेक्टर तक जिले में 33 कोर्ट



### चुनाव से पहले करीब 6 हजार प्रकरण

विधानसभा चुनाव के दौरान राजस्व प्रकरणों में लंबित प्रकरणों की स्थिति पांच से छः हजार ही थी। लेकिन लोकसभा चुनाव के पहले यह आंकडा बढकर दस हजार को पार कर गया है। फरियादियों ने कोर्ट में प्रकरण तो लगाया है, लेकिन वे चुनाव शोर में गुम हो गए है। विगत सात मई को लोकसभा चुनाव के निपटने के बाद अफसर इन दिनों थकान मिटाते नजर आ रहे है। जिसके चलते सात मई के बाद लगातार दफ्तरों में सन्नाटा भी पसरा रहा। ऐसा माना जा रहा हैं कि, अब सोमवार को ही विभागों में रौनक दिखेगी और प्रकरणों की तेजी से सुनवाई होगी। जानकारी अनुसार सीमांकरण, डायवर्सन और नामांतरण के मामले कोर्ट में ज्यादा लंबित है। यही नही इसके आलावा रिकार्ड में त्रुटि सुधार, बंटवारा, डायवर्सन जैसे कार्यो की सुनवाई भी अटकी हुई है।

### सीमांकन व डायवर्सन के प्रकरण अधिक

जानकारी अनुसार सीमांकन के 1044 प्रकरण, बटांकन के 1125 प्रकरण, डायवर्सन के 1023 प्रकरण, बंदोबश्त व नवीनीकरण नजूल पट्टे का 447 प्रकरण, आदिवासी जमीन हस्तांतरण 115 प्रकरण, विवादित खाता 334 प्रकरण, बंदोबश्त अभिलेखों में सुधार के 266 प्रकरण, विवादित नामांतरण के 1029 प्रकरण, रिकार्ड में त्रुटि सुधार के 1200 प्रकरण सहित अन्य दस हजार तीन सौ प्रकरण लंबित है। जिले के करीब 33 कोर्ट में इन प्रकरणों की सुनवाई होनी है।

### जिले में लंबित प्रकरणों की स्थिति

जानकारी अनुसार न्यायलय कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी 406, अरविंद एक्का अपर कलेक्टर 41, न्यायालय अपर कलेक्टर (धमधा/पाटन) 23, एसडीएम दुर्ग 1384, एसडीएम धमधा 146, एसडीएम पाटन 259, एसडीएम भिलाई-3 310, न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग 88, न्यायालय नजूल जांच अधिकारी 402, न्यायालय तहसीलदार दुर्ग 423, तहसीलदार धमधा 1010, तहसीलदार पाटन 514, तहसीलदार भिलाई-3 377, तहसीलदार बोरी 183, तहसीलदार अहिवारा 592, अतिरिक्त तहसीलदार पाटन 283, न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई, अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग, न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग, न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (अण्डा) में कुल 10638 प्रकरण लंबित है।

### दस हजार से अधिक प्रकरण डंप

दुर्ग जिले में भी नायब तहसीलदार से लेकर कलेक्टर कोर्ट में एक लाख 70152 प्रकरण दर्ज किए गए थे। जिसमें से करीब एक लाख 59 हजार 514 प्रकरणों का ही निपटारा किया गया है। जबकि 10638 प्रकरण चुनावी आचार संहिता की भेंट चढ गई। बहरहाल मतदान समाप्त हो चुका है, वही आगामी चार जून को मतगतणना होने के बाद आचार संहिता समाप्त मानी जाती है। लेकिन अफसर मतगणना निपटने के बाद कोर्ट में आए प्रकरणों की सुनवाई कर सकते है।

### आचार संहिता के पहले भी सुनवाई नहीं

लोकस चुनाव के आचार संहिता के पहले ही व्यापक संख्या में प्रकरण लंबित रहे। पिछले जनवरी माह की बात करे तो राजस्व विभाग में आठ हजार प्रकरण लंबित थे। इस दौरान कलेक्टर कोर्ट से लेकर नायब तहसीलदार के कोर्ट में एक लाख पैतीस हजार 41 प्रकरण दर्ज किए गए है। जिसमें से करीब एक लाख 26 हजार 183 प्रकरणों का ही निपटारा किया गया है। जबकि आठ हजार 58 प्रकरण कोर्ट में लंबित थे। इसकी संख्या कम होने के बजाय दो माह में दो हजार से अधिक होकर 10300 हो चुकी है।

# कत्लखाना ले जाते सैकड़ों मवेशी बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मवेशियों को कत्लखाना ले जाते हुए सौ से अधिक गाय, बैल बछडा को छुडाया गया है। घटना उतई थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने उमेश गिरी समेत चार लोगों के खिलाफ जुर्म

- सौ से अधिक गायब गैल और बछडा मिला, उतई थाना क्षेत्र की घटना
- ग्रामीणों की सूचना पर कार्रवाई

ददर्ज किया है। ग्राम धौराभाठा के ग्रामीण शुक्रवार की रात सूचना दिया कि बड़ी संख्या में लोग वाहन में मवेशियों को लेकर जा रहे है।उन्होंने संदेह व्यक्त किया कि मवेशी चोरी या फिर कत्ल खाना लेकर जा रहें है। उतई टीआई मनीष शर्मा को जानकारी लगने पर अपनी टीम को गांव में भेजा। उन लोगों से मवेशियों का खरीदी बिक्री का पुलिस ने दस्तावेज मांगा गया। फिर तो एक रशीद मवेशी तस्करों ने पेश किया लेकिन जब पंचायत के सचिव ने आकर देखा तो वह रसीद फर्जी निकला। टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि लखेश राम साहू, उसके 4 अन्य साथी अपने साथ 104 बैल के जोड़े लेकर बालोद जा रहे थे। रात अधिक हो जाने से वो लोग धौराभाठा के पास के पास रुक गए थे। मवेशियों को थाना कैंपस पर ले जाने के बाद चारे पानी की व्यवस्था की गई है। फिलहाल पुलिस गौसेवक और गौठान के लोगों से संपर्क कर रही है। ताकि इन मवेशियों को सुरक्षित भेजा जा सके। ग्रामीणों ने संदेह जताया है कि ये लोग मवेशियों की तस्करी करते हैं। उन्हें पैदल ले जाकर दूसरे राज्य ले जाएंगे। तस्करी के लिए भेज दिया जाएगा। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर कार्रवाई करेगी।

# बिजली की समस्या नहीं हो पा रही दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बिजली की समस्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। भीषण गर्मी में भी लोगों को बिजली बंद होने से परेशानी उठानी पड़ रही है। दुर्ग ग्रामीण के अतंर्गत चंद्रनगर, लोकनगर, न्यू नेहरूनगर, वेदांत नगर, कबीर नगर सहित दर्जनभर कालोनियों में

- दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के चंद्रनगर, लोकनगर सहित दर्जनभर कालोनी में दिक्कत

बिजली लगातार बंद की जा रही है। अधिकारियों द्वारा इस समस्या का स्थाई निदान नहीं किया जा रहा है।

### दिन-रात दोनों में दिक्कतें

कालोनीवासियों ने बताया कि उतई विद्युत वितरण केंद्र से इन कालोनियों में बिजली की सप्लाई होती है। पुरई वितरण क्षेत्र से यहां की लाइन को जोड़ा गया है। हाल यह है कि दिन और रात कभी भी बिजली बंद हो जाती है। जिसकी वजह से लोग न दिन में ठीक से सो पा रहे हैं और न ही रात को। रात को अचानक कई बार बिजली चली जाती है।

### एक फेस बिजली नहीं

कालोनीवासियों ने बताया कि सबसे बड़ी समस्या यह भी है कि तीन फेस में सभी की पावर सप्लाई नहीं रहती। एक फेस चली जाती है तो दूसरा व तीसरा फेस से ही काम चलाना पड़ता है। तीनों फेस में से कोई न कोई फेस बंद रहती है। इसकी वजह से रात को शिकायत करनी पड़ती है। रात में विभागीय कर्मी सुधार के लिए नहीं आते।

## सेक्टर-4 में पानी टंकी निर्माण....



भिलाई। सेक्टर-4 में बीएसपी द्वारा पानी टंकी का निर्माण शुरु करवा दिया गया है। 9 महीने के भीतर यह पानी टंकी मूर्त रूप लेगा। यहां पर बीएसपी की जर्जर पुरानी टंकी कुछ महीने पहले भरभरा कर गिर गई थी जिसकी वजह से इस एरिया में जल संकट से लोग अब भी जूझ रहे हैं।

# किशोरी से छेड़खानी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



किशोरी को चाकलेट बिस्कीट के बाहने छेड़खानी करने वाले अधेड को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 354 भादवि, 8 पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि पुरानी हस्ती सुपेला निवासी राजकुमार राजभर ने किशोरी को अपने बाइक पर बिठाकर मौर्या टाकिज के पीछे अंडरब्रिज के पास जंगल में ले जाकर छेड़खानी किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में सुपेला पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी राजकुमार को खोजबीन कर तुरंत गिरफ्तार किया। टीआई राजेश मिश्रा ने तुरंत कार्रवाई किया।

# मतगणना में लगे कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना के प्रशिक्षण के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, प्रत्येक विधानसभा हेतु 02 मास्टर ट्रेनर एवं जिले के टेबुलेशन प्रभारी अधिकारी (एआरओ) 01, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी 01, ईवीएम नोडल अधिकारी 01, सुरक्षा नोडल अधिकारी 01 एवं प्रोग्रामर 01 के लिए मतगणना प्रशिक्षण संभाग मुख्यालयों में आयोजित किया गया है। दुर्ग जिले के 53 और बेमेतरा जिले के 25 प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रशिक्षण 16 मई को प्रातः 10 बजे से बीआईटी ऑडिटोरियम में आयोजित की गई है।

## बाधित हो रहे आवागमन को लेकर कार्रवाई

# सड़क पर डंप मलबे हो रहे है जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई निगम क्षेत्र में सड़क किनारे बेतरतीब रखे भवन से निकले निर्माण मलवा को निगम द्वारा जप्ती की कार्यवाही की जा रही है। ताकि लोग दुर्घटना का शिकार न हो और शहर की गंदगी साफ हो।

निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर निगम क्षेत्र में जगह-जगह सड़क किनारे, गली मोहल्ले में डम्प किये गये मलवा को निगम द्वारा हटाने का कार्य किया जा रहा है। भवन मालिको द्वारा अपने निर्माणधीन भवन अथवा पुराने भवन को तोड़कर उससे निकलने वाले मलवा को सड़क किनारे अथवा गली मोहल्ले में ढेर लगाकर छोड़ देते है जिससे रात में वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो जाते है। उक्त ढेर शहर की साफ-सफाई में भी बड़ा बाधक रहेता है। जिसकी शिकायत के आधार पर तथा निगम अधिकारियो के भ्रमण के दौरान संज्ञान में आने पर उक्त मलवे के ढेर को निगम द्वारा जे.सी.बी. एवं हाईवा लगाकर जप्ती की कार्यवाही की जा रही है। निगम प्रशासन ने शहर के नागरिको से अपील करते हुए कहा है की अपने धर से निकलने वाले मलवे को सड़क किनारे एवं गली मोहल्ले में डम्प न करे, ताकि लोग सुरक्षित आवागमन कर सके।

# कौशल विकास योजना से सिलाई प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का सीएसआर विभाग, अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के विभिन्न गतिविधियों और कर्तव्यों का निर्वहन करता रहा है। इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर द्वारा शनिवार को सीएसआर विभाग के सेक्टर 5 आफिस में महिला सशक्तिकरण के तहत, सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, महाप्रबंधक शिखा दुबे थीं।

यह सिलाई प्रशिक्षण, महिला सशक्तिकरण एवं कौशल विकास योजना के अंतर्गत दिया जा रहा है। इस सिलाई प्रशिक्षण में भिलाई एवं आसपास की लगभग 35 गरीब ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 90 दिनों तक दिया जायेगा।

शिखा दुबे ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षु महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, कि इस प्रशिक्षण के द्वारा सभी महिलाएं अपने कौशल का विकास करें। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने परिवार में आर्थिक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन महाप्रबंधक सीएसआर शिवराजन नायर द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु महिलाओं एवं प्रशिक्षिका परविंदर कौर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर सुशील कुमार कामड़े द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक सीएसआर केके वर्मा द्वारा किया गया।

खबर संक्षेप

## पूर्व चैंबर अध्यक्ष ने किया चैंबर संविधान संशोधन का स्वागत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष पूरनलाल अग्रवाल ने चैंबर के संविधान संशोधन का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पहले चैंबर परिवार छोटा था, वर्तमान में इसकी सदस्यता बढ़कर 25 हजार तक पहुंच गई है। ऐसे में चैंबर संविधान में संशोधन लाजिमी है। वर्तमान में हुए संशोधन को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, चैंबर संविधान में संशोधन शत–प्रतिशत नियमों के अनुसार किया गया है। इस संशोधन के तहत चैंबर के पूर्व अध्यक्ष भी अब आगामी चैंबर चुनाव में चुनाव लड़ सकेंगे, जिन्हें भी चुनाव लड़ना है, वो खुलकर सामने आएं और चुनाव लड़ें।

## राहगीरों को गर्मी से राहत देने मठा वितरित



**रायपुर।** इस भीषण गर्मी से राहगीरों राहत देने के लिए सिंधी साहिती बिरादरी मंडल के पदाधिकारियों ने शहर के लोगों को मठा वितरित किया। कार्यक्रम में चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, एक पहल के संरक्षक राजेश वाधवानी और बढ़ते कदम से हरीश दानवानी, राजू तरवानी, सिंधु समाधान से देवराज गुरनानी, सिंधी साहिती बिरादरी मंडल से अध्यक्ष दिलीप इसरानी, महासचिव सुनील अजवानी, राजेश विधानी, सोनू गोवानी, अनिल हेमानी, हरीश अजवानी, सेवाराम हेमानी, विजय हेमानी, अशोक इसरानी, अजीत मोटवानी, शंकर दानवानी, गोविंद, हरिश अजवानी, सतीश छुगानी, मनोहर छुगानी आदि शामिल हुए।

## आंबेडकर अस्पताल में मनाया गया नर्स दिवस



**रायपुर।** इंटरनेशनल नर्सेज डे की पूर्व संध्या पर आंबेडकर अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन द्वारा इस दौरान नर्सों के लिए रंगोली, मेंहदी, चित्रकला, डांस, गायन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इस दौरान विजेताओं को चिकित्सा अधीक्षक एवं संयुक्त संचालक डॉ. एसबीएस नेताम द्वारा पुरस्कार का वितरण भी किया गया। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस हर साल मॉडर्न नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस पर 12 को मई मनाया जाता है।

## कन्नौज में सपा प्रदेश अध्यक्ष प्रचार में जुटे

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चुनाव प्रचार में छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता, छत्तीसगढ़ महासचिव मनोहर साहू, पवन यादव, वाहिद सहित अनेक कार्यकर्ता यूपी में भाग ले रहे हैं।

# इंटरवेशनल प्रक्रिया पूरी कर डाक्टरों ने दिलाया महिला को मातृत्व सुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्भाशय की दुर्लभ एंडोवैस्कुलर बीमारी एवी मालफॉर्मेशन नामक बीमारी से पीड़ित महिला का उपचार कर आंबेडकर अस्पताल के डाक्टरों ने उसे मातृत्व सुख प्राप्त करने में मदद की। उसके इलाज के लिए रेडियोलॉजी विभाग के चिकित्सकों ने एंडोवैस्कुलर गर्भाशय धमनी एम्बोलाइज़ेशन नामक इंटरवेशनल प्रोसीजर पूरा किया। चिकित्सकों के मुताबिक महिला को पिछले कई माह से अत्याधिक रक्तस्राव की समस्या हो रही थी, जिसके कारण उसका हीमोग्लोबिन काफी कम हो गया था। सक्ति जिले में रहने वाली महिला को उपचार के लिए बिलासपुर मेडिकल कालेज से आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया था। आंबेडकर अस्पताल के स्त्री रोग विभाग की ओपीडी में उसकी विभिन्न तरह की जांच के बाद महिला की बीमारी का पता चला। समस्या के समाधान के लिए उसे रेडियोलॉजी विभाग भेजा गया। कलर डाप्लर सीटी स्कैन एवं एमआरई के बाद बीमारी की पुष्टि कर इलाज की प्रक्रिया शुरू की गई। चिकित्सकों ने बिना चीरफाड़ के गर्भाशय धमनी एम्बोलाइज़ेशन (यूएई) प्रक्रिया द्वारा एवीएम में असामान्य रक्त वाहिकाओं को ब्लॉक कर दिया। इस प्रक्रिया के आठ महीने बाद महिला गर्भवती हुई, उसने स्वस्थ जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। इस उपचार प्रक्रिया को डॉ. पात्रे के साथ डॉ. नोबल चंद्राकर, डॉ. राहुल ठाकुर, डॉ. प्रसंग, डॉ. जूही, एनेस्थेसिया से डॉ. प्रतिभा जैन शाह, टेक्नीशियन नरोत्तम और यशवंत साहू ने मिलकर पूरा किया।

### गर्भाशय की एवी मालफॉर्मेशन बीमारी से पीड़ित थी महिला

#### ऐसे पूरी हुई प्रक्रिया

इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विवेक पात्रे ने बताया कि कमर के नीचे बेहोश करके दाहिनी जांघ के फिमोरल आर्टरी में एक पतली सी तार और कैथेटर डालकर पिन होल तकनीक से एवी मालफॉर्मेशन को खून सप्लाई करने वाली बायीं और दायीं धमनी को एम्बोलिक एजेंट डालकर बंद कर दिया गया। इससे मालफॉर्मेशन में खून का बहाव रुक गया और उसकी समस्या का समाधान हो गया।



#### जुड़वा बच्चों की मां बनने का सुखद अहसास

उपचार के बाद मातृत्व सुख प्राप्त करने वाली महिला ने कहा कि गर्भावस्था में विभिन्न प्रकार की तकलीफों के बाद भी मातृत्व सुख असीम आनंद देने वाला होता है और आंबेडकर अस्पताल के रेडियोलॉजी एवं प्रसूति रोग विभाग के डॉक्टरों के उपचार की मदद से मुझे भी मातृत्व सुख प्राप्त हुआ। इस बार मातृत्व दिवस मेरे लिए दो बच्चों के साथ बेहद सुखद अहसास लेकर आया है।

### निगम ने बेहतरी के लिए बढ़ाए दो जोन, मगर सामुदायिक भवनों की अटकी सुविधा

# दो सामुदायिक भवनों में जोन दफ्तर, सिर्फ एक के लिए जमीन, दूसरे के लिए तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में निगम और स्मार्ट सिटी ने मिलकर जन सरोकार के कई काम करवाए हैं। वहीं आउटर में दो वार्ड ऐसे हैं, जहां 25 से 30 हजार की आबादी के लिए बनवाए गए सामुदायिक भवन की सुविधा भी मांगलिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए चार साल से नहीं मिली है। लोगों के लिए बनवाए गए सामुदायिक भवनों में चार साल से जोन दफ्तर संचालित है। इससे लोगों को वार्डों में सामुदायिक भवन होने के बाद भी सुविधा नहीं मिल रही है। लोगों को भवन के लिए अभी भी इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि निगम ने मोवा में जोन-9 के लिए जी-वन कैटेगरी में बिल्डिंग बनाने के लिए जगह तय की है।

राजधानी की तेजी से बड़ती सीमा में जुड़े नए वार्डों में निगम की सुविधा बेहतर की जा सके, इस लिहाज से शासन के आदेश पर निगम में शामिल वार्डों व जोन का परिसिमन एवं विभाजन हुआ। तब आनन-फानन में मोवा थाना के पास वार्ड 9 में शामिल इकलौते सामुदायिक भवन में निगम ने जोन कार्यालय शुरू किया। इसी तरह डॉ.राजेन्द्र प्रसाद वार्ड यानी 52 में सरकारी स्कूल परिसर में स्थित वार्ड के इकलौते सामुदायिक भवन में जोन -10 कार्यालय शुरू हो गया। निगम सूत्रों ने बताया कि नए जोन कार्यालय की शिफ्टिंग के दौरान दो साल में क्षेत्र में सरकारी जमीन का सर्वे करने के बाद जोन कार्यालय बनाने की प्रक्रिया करने का दावा किया गया। चार साल बाद भी वार्ड 52 एवं 09 में स्थित सामुदायिक भवन लोगों की सुविधा के लिए निगम ने नहीं खाली किया है।

#### 98 लाख में बनेगी नई बिल्डिंग

*सूत्रों ने बताया कि मोवा में जोन कार्यालय बनाने के लिए जगह तय करने के बाद वहां निर्माण के लिए एजेंसी को मार्च में जिम्मेदारों ने वर्कआर्डर दिया है।इसके लिए शासन से 98 लाख की मंजूरी मिलने से ड्राइंग-डिजाइन तैयार करवाने के साथ ही काम भी शुरू किया गया है। अभी केवल बिल्डिंग निर्माण के लिए फंड मिला है। इसके अलावा परिसर में पार्किंग, स्ट्रीट लाइट, सड़क जैसी कई सुविधाओं के लिए निगम को दोबारा प्लानिंग करनी होगी, चूंकि इन कार्यों के लिए बजट नहीं मिला है। एजेंसी को नई बिल्डिंग का काम पूरा करने के लिए 12 महीने का समय दिया है, इसे समय से पहले पूरा करने की तैयारी है।*



#### अभी तक जगह भी तय नहीं

*वहीं वार्ड 52 की पार्षद संध्या नानू ठाकुर ने अमलीडीह पानी टंकी के पास स्थित सामुदायिक भवन को खाली करवाने के लिए कई बार निगम में आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि वार्ड में यह इकलौता सामुदायिक भवन है। इसे हर वर्ग के लोग वैवाहिक एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए बुक करते थे। चार साल पहले वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जोन 10 कार्यालय शिफ्ट करने के बाद सुध नहीं ली गई। इससे अभी तक लोगों की सुविधा के लिए भवन भी वापस नहीं मिला। इसके लिए दबाव बनाने पर अधिकारी यहां-वहां जमीन तय करने का भरोसा दिलाते हैं, अभी तक इसकी कार्ययोजना भी नहीं बना पाए।*

#### लोग करते थे भवन की बुकिंग

*मोवा वार्ड क्रमांक 09 की पार्षद द्रौपदी हेमंत पटेल ने बताया कि चार साल से वार्ड के इकलौते भवन को खाली करवाने के लिए प्रयास किया। नई सरकार आने से पहले मोवा स्थित आश्रय स्थल के पास जोन कार्यालय की नई बिल्डिंग बनाने के लिए जगह तय हुई। विधानसभा चुनाव के बाद जोन दफ्तर बनाने के लिए फंड की स्वीकृति मिलने के बाद एजेंसी तय हुई है। इसे बनने में सालभर लगेगा इसलिए वार्ड के लोगों को भवन की सुविधा के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। जोन कार्यालय शुरू होने से पहले हर साल लोग सैकड़ों लोग छोटे-बड़े आयोजनों के लिए बुक करवाते थे, अब प्राइवेट भवन बुक करते हैं।*

#### एक जोन कार्यालय का निर्माण शुरू

जमीन का चिन्हांकन व सीमांकन की प्रक्रिया के बाद प्रस्ताव भेजते हैं। इसके चलते विलंब की स्थिति बनती है। अभी मोवा में जोन कार्यालय का निर्माण शुरू हुआ है। जल्द ही जोन -10 के लिए भी जगह तय किया जाएगा।
**- विनोद कुमार पांडेय,** अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

# छत्तीसगढ़ में मतदान के बाद मतगणना की तैयारी, 16 से प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव का मतदान पूरा होने के बाद अब निर्वाचन आयोग मतगणना की तैयारी में जुट गया है। मतगणना के लिए कर्मियों को 16 मई से प्रशिक्षण दिए जाने की तैयारी है। निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय व राज्य मास्टर ट्रेनर्स को बुलाया गया है।



वे रिटर्निंग अफसरों, सहायक रिटर्निंग अफसरों, काउंटिंग अफसरों को संबंधित जिलों में ट्रेनिंग देंगे। 4 जून को होने वाली मतगणना से पूर्व सभी अफसर और कर्मियों को तैयार किया जाएगा।

- 4 जून को मतगणना, 1302 कर्मचारी की ड्यूटी लगेगी

लोकसभा चुनाव में प्रदेश में 220 प्रत्याशियों का भाग्य तीन चरणों में मतदान के बाद ईवीएम में कैद हो गया है। 4 जून को को सभी के भाग्य का फैसला प्रदेश के विभिन्न जिलों में होने वाली मतगणना के बाद होगा। मतगणना के लिए माईक्रो अब्जर्वर की देखरेख में पूरा कार्य रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अफसरों के माध्यम से पूरा कराया जाएगा। निर्वाचन ने हर लोकसभा के विधानसभाओं के आधार पर 14 टेबल लगाई जाएंगी। वहां पर 7 काउंटिंग अफसरों के साथ सहायक रिटर्निंग अधिकारी और माइक्रो आब्जर्वर मौजूद रहेंगे। सभी जिलों में डाक मतपत्रों की गिनती पहले होगी। डाक मतपत्रों की गिनती के लिए 110 सहायक रिटर्निंग अफसर लगाए जाएंगे। मतगणना में कुल 1302 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

# कुंए में गिरे बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वीआईपी रोड के समीप शनिवार को कुंए में एक बछड़े के अचानक गिर जाने की जानकारी वहां के रहवासियों ने नगर निगम को दी। जोन 9 के अधिकारियों ने इस पर संज्ञान लेते हुए काउकेचर की टीम स्पॉट पर भेजी। जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू, स्वच्छता निरीक्षक महेन्द्र कलिहारी सहित उनके सहयोगियों ने बछड़े को काउकेचर की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला। इस तरह उस बछड़े की जान बच गई।

- वीआईपी रोड के समीप रहवासियों ने निगम को दी जानकारी

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित व्हीआईपी रोड में वीडब्ल्यू केन्यान के पास कुंए में बछड़ा गिर गया। लोगों ने इसकी जानकारी निगम दफ्तर तक पहुंचाई। जोन कमिश्नर संतोष पांडे के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की काऊ कैचर टीम ने स्थल पर पहुंचकर कुंए में गिरे बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रहवासियों द्वारा कुंए में अचानक गिरे बछड़े को बाहर सुरक्षित निकाले जाने के इस कार्य को लेकर काऊ कैचर टीम की सराहना की।

# चार स्थानों पर जल सेवा केंद्र शुरू

### साधक परिवार ने गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने किया जतन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के दिनों में लोगों की प्यास बुझाने साधक परिवार की ओर से शहर में 4 स्थानों पर शीतल जल सेवा केन्द्र शुरू किया गया है। इनमें रेलवे स्टेशन में हनुमान मंदिर के पास, प्लेटफार्म नंबर 1 में पार्सल आफिस के पास, प्लेटफार्म नंबर 2 और प्लेटफार्म नंबर 3 में यात्रियों की सुविधा के लिए निःशुल्क शीतल जल उपलब्ध कराया गया है। साधक परिवार के मीडिया प्रभारी शोभराज मल ने बताया, शहर में वाटर कूलर की व्यवस्था अलग-अलग जगहों पर की गई है। इसमें विधानसभा ओवरब्रिज के पास, अमलेश्वर थाने के सामने, भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बसस्टैंड के गेट नम्बर 2 के पास और गेट नंबर 4 में लोगों को गर्मी के सीजन में ठंडा पानी निःशुल्क उपलब्ध कराने मशीन लगाई गई है। अक्षय तृतीया के दिन सर्वधर्म प्रार्थना व मंगल आरती कर पूजा अर्चना की गई। साथ ही यात्रियों को केला व शरबत का निशुल्क वितरण किया गया! रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जीआरपी थाने के प्रभारी, माहेश्वरी समाज के राजकुमार राठी, सिंधु शक्ति के संस्थापक किशोर आहूजा, साधक परिवार के प्रेम गोविंदानी, लेखराम साहू, हरेश गोविंदानी, मनोज गोगिया, डीडी सोनी, राकेश दसानी सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

- प्लेटफार्म नंबर 1 पर पार्सल आफिस के पास प्याउघर

# केजरीवाल को भाजपा की चिंता करने की जरूरत नहीं- डॉ. रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा के स्पीकर डा. रमन सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के एक बयान पर पलटवार करते हुए दो टूक में कहा है कि उन्हें भाजपा की चिंता करने की जरूरत नहीं है। पार्टी ने अब तक उन्हें जिस पद की जिम्मेदारी दी है, उसका वे निर्वहन करते आये हैं। पहले 15 साल मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई थी और अब विधानसभा स्पीकर पद की दी गई है।

स्पीकर रमन सिंह ने यह बयान एक एजेंसी को दिए इंटरव्यू में दिया है। इस इंटरव्यू को उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट भी किया है। रमन सिंह ने इस पोस्ट में दो-टूक में कहा कि केजरीवाल को भाजपा की चिंता बिलकुल नहीं करना चाहिए। चाहे मैं हूं, शिवराज जी हों या योगी जी हों, हम सभी मेहनत से आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझे 15 साल सीएम और अब स्पीकर का दायित्व सौंपा है, जिसका मैं निर्वहन कर रहा हूं। इससे पहले भी पार्टी ने मुझे जब भी जो जिम्मेदारी दी, मैंने उसे पूरी निष्ठा से निभाया है। डा. रमन ने कहा कि केजरीवाल चुनाव को देखकर और नतीजों का अनुमान लगाकर बौखला गए हैं। जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से अपना कार्य कर रही हैं और जो भी दोषी पाए जा रहे हैं, उन्हें दंडित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल में गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उनके ट्रैक रिकार्ड पर जनता को अटूट विश्वास है। कांग्रेस अपनी हार को देखकर निराशा में डूब रही है। निःसंदेह भाजपा देशभर में 400 से ज्यादा सीटों पर जीतकर आएगी और मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

- नि:संदेह भाजपा देशभर में 400 से ज्यादा सीटों पर जीतकर आएगी


विदित हो कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पर एक टिप्पणी की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा में लालकृष्ण आडवाणी, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे सिंधिया और डा. रमन सिंह की राजनीति खत्म हो गई है तथा दो माह बाद यूपी के सीएम योगी को भी हटा दिया जाएगा। डा. रमन सिंह ने केजरीवाल की इस टिप्पणी पर पलटवार किया है।

# इंटेकवेल तक जलकुंभी का जाल, सफाई करने संसाधन नहीं, 40 वार्डों में पहुंच रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पेयजल को लेकर गर्मी में कई तरह की नई दिक्कतें पैदा होने लगी हैं। अभी बिरगांव निगम में पेयजल की दोहरी समस्या है। बेन्द्री में इंटेक वेल के पास जलकुंभी का जाल फैला है। इसकी सफाई के लिए निगम के पास जरूरी संसाधन भी नहीं हैं। यह स्थिति खारुन में नालों का गंदा पानी छोड़ने से बन रही है। इससे कारण निगम को फिल्टर प्लांट में 4 से 5 बार पानी साफ करना पड़ रहा है। घरों में नल से गंदा पानी पहुंचने की समस्या अभी भी बनी हुई है।

औद्योगिक क्षेत्र से घिरे निगम में पहले से सुविधा व संसाधनों का अभाव है। खारुन नदी का पानी बेन्द्री घाट तक अभी भी गंदा पहुंच रहा है। इससे निगम के इंटेक वेल के पास 25 से 30 फीट की गहराई में दलदल की स्थिति है। इसकी सफाई के लिए निगम के पास जरूरी संसाधन भी नहीं हैं। इससे जल प्रदाय व फिल्टर प्लांट के करीब 20 कर्मी जहां तक जलकुंभी निकाल सकते हैं, वहीं तक सफाई कर रहे हैं। इससे निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में 15 हजार से ज्यादा घरों में 14 टंकियों के जरिए गंदा पानी पहुंचने की समस्या बनी हुई है। निगम सूत्रों ने बताया कि कारा में स्थापित एसटीपी से पानी साफ करने का दावा किया जाता है। इसके बाद भी प्लांट तक गंदा पानी पहुंच रहा है। इसको फिल्टर करने में कर्मियों को पसीना बहाना पड़ रहा है।





#### 34 एमएलडी पानी रोज फिल्टर

अभी बेन्द्री घाट व फिल्टर प्लांट की क्षमता बढ़ा दी गई। जहां से पहले 14 एमएलडी पानी फिल्टर होने के बाद करीब 9 टंकियों के जरिए 8 हजार से ज्यादा घरों तक पहुंचता था, वहीं अब रोज 20 एमएलडी नए प्रोजेक्ट के तहत पानी फिल्टर करने की क्षमता बढ़ाते हुए अब रोज 34 एमएलडी पानी को साफ करने के बाद 40 वार्डों में पेयजल पहुंचाने के लिए व्यवस्था बनवाई गई। इंटेक वेल के आसपास पानी गाढ़ा होने से उसे कई बार फिल्टर करना पड़ रहा है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रुकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रुकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# जिले की शराब दुकानों में नहीं रेगुलर ब्रांड, शौकिनों में छाई मायूसी

## कीमत बढ़ाने के बावजूद माहभर बाद भी नहीं मिल रही ब्रांड की शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सरकारी दुकानों में देसी शराब की उपलब्धता प्राप्त है, लेकिन अंग्रेजी शराब के दीवानों को मन मुताबिक ब्रांड नहीं होने से शराब के लिए तरसना पढ़ रहा है! हालांकि नान ब्रांडेड शराब दुकानों में उपलब्ध है । बताया जा रहा है कि मांग की अपेक्षा आपूर्ति की कमी बताई जा रही है! वैसे भी नई सरकार ने शराब की कीमतों में जमकर वृद्धि करने से मदिरा प्रेमी पहले ही मायूस ओर जो ब्रांड मौजूद है या तो उनके दाम काफी महंगे हैं या काफी कम हल्की शराब है, और जिनकी मांग नहीं होती ऐसे ब्रांड है रेगुलर रूप से दुकानों में मौजूद है। मदिरा प्रेमी मनोज व विकाश, अनिल ने बताया कि जिनकी मांग होती है और जिन की खपत आसानी से हो ऐसी शराब का फिलहाल से टोटा बना हुआ है जिससे मायूस होकर लौटना पड़ रहा है जबकि यही ब्रांड वाली शराब होटल ढाबा में कुछ बड़ी हुई कीमत में आसानी से मिल जा रही है।उल्लेखनीय हो कि जिले मे संचालित शराब दुकानों में देशी एवं अंग्रेज़ी शराब दुकान संचालित की जा रही है। जिसमें कंपोजिट अंग्रेजी शराब दुकान भी शामिल है। कंपोजिट शराब दुकान में विगत एक माह से पसंदीदा ब्रांड नहीं मिलने के चलते शराब के शौकीन लोग मायूस हैं। जिले में रेगुलर चलने वाली नामी व पसंदीदा ब्रांड नंबरवन, आईबी, आरएस, आफ्टर डार्क, वाइट एंड



### दूसरे प्रदेशों से लाई जा रही है शराब

शराब के ब्रांड का टोटा होने से जिले के सीमावर्ती इलाकों से शराब लाकर जिले में खपाया जाने की खबर है और जब से शौकीनों की ब्रांड का टोटा चालू हुआ है तब से अच्छी मात्रा में शराब लाए जाने और उसे खापाए जाने की खबरें सामने आ रही है। बता दें कि अभी भी वाहनों की जांच में इसका खुलासा होगा जैसा कि जिले से सीमावर्ती क्षेत्रों के रूप में कवर्धा है इसे लगा हुआ मध्यप्रदेश है वही इधर राजनांदगांव जिले से महाराष्ट्र बॉर्डर लगा हुआ है इस तरह लोग आसानी से शराब के लिए आना-जाना कर क्षेत्र में रेगुलर चलने वाली ब्रांड की शराब को बेधड़क खफा रहे हैं। बताया यह भी जा रहा है कि जब से सरकार ने शराब की कीमतों में बढ़ोतरी की है तब से अन्य राज्य की शराब खपत बैखोफ होकर किया जा रहा है।

### बीयर के शौकीन भी मायूस

शराब के शौकीन ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में शराब में विस्की ना पीकर अमूमन लोग बीयर पीने की चाहत रखते हैं ऐसे में बीयर का भी ब्रांड नहीं होने के चलते शराब प्रेमी मायूस हैं बताया जा रहा है कि शराब दुकान से ठंडी बीयर के नाम पर सिर्फ सिम्बा बीयर ही दिया जा रहा है। जबकि सिम्बा बीयर के लगभग कीमत पर मिलने वाली पसंदीदा ब्रांड किंगफिशर, फाइवथाउजेंड, हंटर, कार्ल्सबर्ग नहीं होने की बात कही जा रही है।

## खबर संक्षेप



### श्री पार्श्वनाथ दिव्यांग मूकबधिर स्कूल का परिणाम शत- प्रतिशत

**बालोद।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम उमरदाह में सुल्तानमल सजनादेवी चौरिटेबल ट्रस्ट के अंतर्गत बालोद के बाफना परिवार द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए निःशुल्क श्री पार्श्वनाथ दिव्यांग मूकबधिर स्कूल का संचालन विगत एक वर्षों से कर रहा है। वर्तमान में 16 बच्चे वहां हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे है जिसका वार्षिक रिजल्ट आ चुका है। सभी बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। स्कूल के संचालक गौतम बाफना ने बताया कि पिछले वर्ष ही यहां पढ़ाई शुरू हो गई है, यहां पर जो बच्चे बोल नहीं सकते, सुन नहीं सकते, पूर्ण रूप से मूकबधिर है। ऐसे बच्चों के लिए हमने यहां निःशुल्क रहने खाने की एवं पूरी पढ़ाई की सुविधा दी जा रही है। और इस वर्ष में नए सत्र के लिए भी यहाँ पर एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। संचालक गौतम बाफना ने अपील करते हुए कहा कि यदि आपके जानकारी में ऐसा कोई बच्चा है जो मूखबधिर है तो उनका यहां एडमिशन करवाएं।

### दसवीं में ज्योति को मिले 91.83 प्रतिशत अंक

**रायपुर।** अमलीडीह छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीडीह में अध्ययनरत विद्यार्थी ज्योति सेन पिता सरजू सेन ने 600 में 551 अंक पाकर 91.83 प्रतिशत के साथ कक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि आज मेरा प्राप्तांक इतना अच्छा केवल मेरे शिक्षकों के सुनियोजित शिक्षण और उनके द्वारा मेरे प्रति सहयोग है।

### भरी गर्मी में फैब्री वार्ड बना सफेद हाथी

**रायपुर।** कोरोनाकाल में मरीजों के इलाज के लिए जिला अस्पताल में बनवाया गया फ्रैबी वार्ड सफेद हाथी साबित हो चुका है। वार्ड निर्माण के बाद से लेकर अब तक इसका किसी तरह का उपयोग नहीं हो पाया है। उस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने लाखों रुपए खर्च कर इस कक्ष का निर्माण कराया था, मगर सामान्य गर्मी में एल्युमीनियम प्लेट की यह चादर गर्म हो जाती है, जिसकी वजह से वहां इलाज कराना तो दूर, कुछ देर भीतर बैठना भी मुश्किल है।

## हादसा : झलमला-घोटिया मार्ग के मध्य स्थित ग्राम हरठिमा में दुर्घटना

# अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की गई जान, एक दुपहिया सवार को आई गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के झलमला–घोटिया मार्ग के मध्य स्थित ग्राम हर्राठेमा में मोटर सायकल सवार युवकों को अज्ञात ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गया, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है।

> ■ शादी में शामिल होने जा रहे थे, उसी दौरान हुई घटना

मिली जानकारी के अनुसार मोटर सायकल में सवार दोनों युवक ग्राम हर्राठेमा से ग्राम अरजगुंडरा शादी में शामिल होने जा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक ने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 एच 2460 को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तरुण हिड़को 32 वर्ष ग्राम मुल्लेगुड़ा निवासी के सर पर गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं घायल युवक अमन हिड़को ग्राम 20 हर्राठेमा निवासी बताया जा रहा है, जिसके पैर पर गंभीर चोट आयी है। जिसे इलाज के ग्रामीणों के द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम से जिला हॉस्पिटल भेजा गया जहाँ प्राथमिक इलाज जारी है। वहीं घटना के तत्काल बाद मौके में पहुँची बालोद पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए हॉस्पिटल भेज मर्ग कायम कर कार्रवाई में जुटी हुई है और अज्ञात ट्रक की पता तलाश कर रही है।



### शादी घर में पसरा मातम

ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार मृतक तरुण हिड़को मुल्लेगुड़ा से अपने गाड़ी में अमन हिड़को के घर उसे लेने पहुँचा। जिसके बाद सुबह लगभग 10 बजे दोनों एक साथ अरजगुंडरा में अपने चाचा के घर अपनी छोटी बहन की शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। रविवार को बारात आने वाली थी, लेकिन सड़क दुर्घटना में अज्ञात ट्रक की चपटे में आने से एक की घटनास्थल पर मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### सर में गंभीर चोट आने से मौत

घटना के दरमियान दोनों युवक मोटर सायकल से शादी कार्यक्रम में जाने के लिए एक साथ निकले थे, बताते है कि मोटर सायकल चालक मृतक तरुण हिड़को हेलमेट का उपयोग नहीं कर रहा था, ट्रक की चपेट में आने से मृतक के सर पर गंभीर चोट आई, माना जा रहा है कि इसी के कारण उसकी मौत हो गईं, यदि युवक हेलमेट का उपयोग जिम्मेदारी से करता तो शायद युवक की जान भी बच सकती थी, लेकिन मोटर सायकल चलाने के दौरान हेलमेट नहीं पहनने की थोड़ी सी लापरवाही ने युवक की जान ले ली है।

### अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी पुलिस

थाना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय ने बताया की सड़क दुर्घटना मामले में मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की पता तलाश की जा रही है, इसके लिए सीसी टीवी फुटेज की सहायता ली जा रही है, बहुत जल्द अज्ञात वाहन को पकड़ा जाएगा।

### भारी वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत



**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा के समीप बरसाटोला मुख्य मार्ग के आगे सिगनवाही,फागुनदाह मुख्य मार्ग में रविवार की प्रातः लगभग 7 बजे 12 चक्का भारी वाहन की चपेट में आ जाने से दो पहिया वाहन चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इसके बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल रहा। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार 12 चक्का भारी वाहन की चपेट मे दोपहिया मोटरसाइकिल सवार 23 वर्षीय नागेश मरापी की घटना स्थल पर ही मौत आमाबाहरा गांव क्षेत्र में आक्रोश का माहौल देखने को मिला। मौके पर पहुंची पुलिस और मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। 12 चक्का भारी वाहन घोटिया की ओर से दल्ली राजहरा गिट्टीभर के आ रही थी। इस दौरान मुख्य मार्ग फागुनदाह सिंघनवाही मुख्य मार्ग पर दोपहिया वाहन आमाबाहरा नागेश मरापी निवासी युवक को अपनी चपेट में लिया घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई।

### परिजनों को सूचना दी गई: चित्रा

नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा ने बताया कि परिजनों को जानकारी दे दी गई है। मामले में मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

# रेंगाडबरी में धूमधाम से हुआ पुतरा-पुतरी का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी शांति नगर सेठपारा में रीति रिवाज के साथ अक्षय तृतीया के बाद शनिवार को मड़वा छाकर बाजे गाजे के साथ चुलमाटी कार्यक्रम संपन्न किया गया। रात्रि में तेल हल्दी चढ़ाकर मंडप में परंपरा अनुसार बाजे गाजे के साथ नाचा गया।

रविवार को दोपहर तक मायन नाचा नाचकर एक चौराहे से दूसरे चौराहे में बारात के लिए प्रस्थान किया गया। रात में टिकावन का कार्यक्रम रखा गया। आसपास के मोहल्ले वालों को लड्डू, पूड़ी बड़ा एवं खाना खिलाकर टिकावन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। ग्राम के नेमन साहू ने बताया कि स्कूली बच्चों का गर्मी छुट्टी होने के बाद मनोरंजन के लिए पुतरा पुतरी का विवाह अक्षय तृतीया अक्ति के दिन या अक्ति के बाद प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाया गया।



### इनका रहा सहयोग

शिवम देशमुख, रोहनी बेलचंदन, चित्ररेखा आर्य, मथुरा बाई, जामुन बाई, द्रौपती देशमुख, चन्द्रलेखा देशमुख, मोंगरा बाई देशमुख, बिमला बाई सिन्हा, नमिता, हेमिन बाई, सुनिता, कान्ति शर्मा एवं मोहल्ले वालों का भरपूर सहयोग रहा।

## ग्रामीण क्षेत्र में अक्ति पर्व हर्षोल्लास से मना

**अंडा।** हिन्दू धर्म में हर तीज त्योहार और व्रत का विशेष महत्व है। ग्रामीण क्षेत्र में अक्ती पर्व विशेष रूप से मनाया गया। गली मोहल्ले में मंगल गीत गाते हुए बच्चों के साथ महिलाएं निकली इसके बाद डीजे, धमाल के साथ पुतरा पुतरी का शादी कराया गया। दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में महावीर मंदिर के पास महिला, बच्चों ने गुड्डा-गुड्डी ,पुतरा-पुतरी का विवाह रचाने की परंपरा का निर्वहन काफी उत्साह के साथ किया गया। गुरुवार की सुबह ही सर्वप्रथम पेपर व कलर पेन से बच्चों ने आकर्षक निमंत्रण शादी कार्ड बनाकर इंटरनेट मीडिया के माध्यम से अपने करीबी रिश्तेदार,दोस्तों को निमंत्रण भेज शामिल होने का आग्रह किया। कार्यक्रम में रात में चूलमाटी, मेहंदी की रस्म पूरा की गई। इसके बाद दस मई अक्षय तृतीया को सुबह देवतला, चिकट, हरिद्रालेपन के साथ बारात का स्वागत किया गया। गुड्डा-गुड्डी का फेरा,टिकावन कराने के बाद एक साथ नाश्ता में करी लड्डू, जलेबी व खीर पुड़ी सब्जी भोजन कर विदाई दी गई। इस तरह से अक्ती की खुशियां मनाई गई।



### ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम का मनाया प्रकाट्य उत्सव

**दल्लीराजहरा।** लौह अयस्क नगरी के वार्ड क्र.22 बीएसपी श्रमवीर चौक के समीप स्थित ब्राह्मण समाज भवन में शुक्रवार को वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया याने अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ब्राह्मण समाज दल्लीराजहरा द्वारा ब्राह्मणों के इष्टदेव भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का प्रकाट्य उत्सव विप्र परिवारों की गरिमामय उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंडित अशोक पाण्डेय ने वैदिक विधि विधान से इष्टदेव की पूजा-अर्चना ,आरती संपन्न कराया एवं विप्र समाज की विदुषी मातृशक्तियों द्वारा श्री सुंदरकांड ,श्री हनुमान चालीसा व संकट मोचन श्री हनुमानजी के सस्वर पाठ किया गया। प्रस्तुति पश्चात विप्र बंधुओं द्वारा सामूहिक रुप से श्री रामायण जी ,श्री हनुमान जी तथा भगवान परशुराम जी की भव्य व दिव्य आरती की गई। तत्पश्चात भोग प्रसाद वितरण व भोजन का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, प्रवक्ता कमल शर्मा, संरक्षक आर.के.द्विवेदी, बी.के.मिश्रा, विजय दीक्षित, संतोष पाण्डेय, अजय मिश्रा, ए.के.राजोरिया, अनिलकांत शर्मा,विनोद तिवारी, अशोक पाण्डेय, श्री झा साहब,बृजभूषण पाण्डेय, चौधरी जी, त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।

# स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक



**बेमेतरा।** जिले भर में इन दिनों प्रशासन के दिशानिर्देश पर स्वच्छता के लिए विभिन्न प्रयास व कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। जिसमें नगरीय इलाकों से लेकर ग्रामीणों कस्बो तक इसका पहल अपने- अपने स्तरों पर किया जा रहा है। जिसमें पंचायत प्रशासन के देखरेख में स्वच्छता के लिए मुहिम चलाई जा रही है तो कहीं सन्देश देकर प्रेरणा देने का कार्य किया जा रहा है तो कहीं आमजनों में जागरूकता को लेकर विशेष पहल किये जा रहे है।

जिसका ताज़ा नज़ारा विगत दिनों ज़लिा के साजा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भोजेपारा में दिखाई पड़ा, जहां स्थानीय पंचायत द्वारा शासन-प्रशासन के स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत मोहगांव की सरपंच दुर्गेश साहू की पहल पर गाँव की स्थानीय महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से स्वच्छता का सन्देश देते घरों के कूड़े कचरे के उठाव वाहन में किया गया। जिसमें आमलोगों में सजगता फैलाते हुए सन्देश दिया गया कि स्वच्छता हमारा कर्तव्य है, गाँव को स्वच्छ रखने के लिए समय पर कूड़े कचरे का निपटान बहुत जरूरी है इसके लिए पंचायत प्रशासन द्वारा महिला स्व सहायता समूह को ट्राईसायकिल वाहन प्रदान किया गया जिसके माध्यम से कूड़े कचरे को उठाकर उसका उचित ढंग से निस्तारण किया जा सके। इस प्रकार ज़लिे के चारो विकासखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों व नगरीय कस्बो में प्रशासन के निर्देश पर कूड़े-कचरे का प्रबंधन किया जा रहा है, जो गाँव-गाँव व नगर-कस्बे से होकर स्वच्छ भारत मिशन में अहम योगदान दे रहा है।

## शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर योगेश्वर सम्मानित

**बालोद।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ का रायपुर के वृंदावन हॉल सिविल लाइन में मदर्स डे के उपलक्ष्य में शिक्षक, कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक कलाकार को शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी द्वारा सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में जिला के ग्राम नेवारीकला निवासी शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी के कार्यकारिणी सदस्य योगेश्वर कुमार साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने, नवाचारी गतिविधि, खेल खेल में शिक्षा, इनोवेटिव शिक्षा, खिलौना आधारित शिक्षा, गीत कहानी से शिक्षा और अनेक गतिविधियों से बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्था में नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के प्रख्यात साहित्यकार मीर अली मीर साहब, जीआरपीएफ निरीक्षक पंडवानी गायिका करुणा साहू, संस्था के संरक्षक परसराम साहू, संस्थापक कोषाध्यक्ष संजय कुमार मैथिल, अध्यक्ष मीना भारद्वाज, उपाध्यक्ष महादेव जायसवाल, महेत्तर देवांगन, कार्यकारिणी सदस्य योगेश्वर कुमार साहू और अन्य प्रांत के पदाधिकारी उपस्थित थे। शिक्षक योगेश्वर कुमार साहू को शिक्षक के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अनेक राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से नवाजा जा चुका है।

# ब्रहमाकुमारीज ने गांवों में आध्यात्मिक ज्ञान फैलाया व डाक्यूमेंट्री दिखाई

**बालोद।** प्रजापिता ब्रहमाकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय, आत्मज्ञान भवन आमापारा द्वारा रविवार को जिला मुख्यालय के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था द्वारा किए गए 28 वर्षों सेवा कार्यों की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई।

ब्रहमाकुमारीज बालोद की मुख्य संचालिका राजयोगनी बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि शहर में ब्रहमाकुमारीज के 28 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह मनाया गया। इन 28 वर्षों में ब्रहमाकुमारीज ने बालोद सहित आसपास के 30 से अधिक गांवों में आध्यात्मिक ज्ञान को फैलाने का कार्य किया है। जिसमें आप सभी पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती हैं क्योंकि आप सभी ने ब्रह्मकुमारीज के ज्ञान को घर घर तक पहुंचाने में मदद किया है। इसी उद्देश्य से आज आप सभी पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। उन्होंने सभी को एक बार धरती का स्वर्ग माउंट आबू जाने का निमंत्रण दिया और कहा स्वर्ग देखना हो तो माउंट आबू चलकर देखिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार भ्राता बृजेश पाण्डेय ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा बालोद जिले में आध्यात्मिकता का अलख जगाने का काम ब्रम्हाकुमारीज बालोद के द्वारा विगत 28 वर्षों से किया जा रहा है और आत्मज्ञान भवन में आकर सचमुच आत्मज्ञान की अनुभूति होती हैं। अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा ने कहा कि संस्था भारतीय संस्कृति को बचाने और उसके प्रति लोगों में जागरुकता लाने का कार्य कर रही है।



